दिन– सोमवार

दिनांक– 05/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. झारखंड, छत्तीसगढ और प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश के कारण कोसी, गंडक, बागमती और सोन नदियों में उफान। नालंदा में लोकाईन नदी का तटबंध टूटने से कई गांवों में बाढ़ का पानी फैला।

02. वैशाली जिले के हाजीपुर औद्योगिक थाना क्षेत्र में हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से नौ कांवरियों की मौत। दो अन्य गंभीर रूप से झुलसे।

03. केन्द्र सरकार ने पेरिस ओलिंपिक पर स्मारक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की।

04. और, आज सावन की तीसरी सोमवारी है। प्रदेश के विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की उमड़ रही है भीड़।

---

पड़ोसी राज्य झारखंड और छत्तीसगढ तथा प्रदेश में विभिन्न भागों में भारी बारिश के चलते राज्य की विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। कोसी, बागमती और गंडक नदी विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, सोन नदी का जलस्तर तीन लाख क्यूसेक के पार होने के साथ ही तटबंधों पर दबाव उत्पन्न हो गया है। इसके चलते पटना के दीघा से लेकर मुंगेर तक गंगा के जलस्तर में भी तेजी से बढोतरी हो रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त सूचना के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में खतरे के निशान से सात सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। मुजफ्फरपुर जिले के बेनीबाद में बागमती नदी का जलस्तर खतरे के निशान से छियानवे सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। खगड़िया के बलतारा में कोसी नदी का जलस्तर खतरे के निशान से छियालीस सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

---

इधर, विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के चलते कई इलाकों में बाढ का पानी फैल गया है। नालंदा के हिलसा अनुमंडल से गुजरने वाली लोकाइन नदी का तटबंध टूटने से आसपास के बारह से अधिक गांव बाढ की चपेट में आ गये हैं। और ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता––

———बाईट———

नालंदा जिले के हिलसा अनुमंडल अंतर्गत फलगु और लोकायन नदी में अचानक आयी बाढ़ से कई तटबंध टूट गए हैं जिससे कुछ गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। लोकायन नदी में बाढ़ से छः विभिन्न स्थानों पर तटबंध टूट गया है। एकंगरसराय प्रखंड के मंडाछ और नवगढ़, हिलसा प्रखंड के धुरी विगहा , गोसाइपुर और करायपरसुराय प्रखंड के मुसाढ़ी और अकबरपुर (वेरथू) में नदी में कटाव हुआ है। बाढ का पानी मंडाछ पंचायत के वेलछी विगहा गांव में प्रवेश कर गया है। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन तटबंध की मरम्मति के कार्य में जुटा है और प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचायी जा रही है। सामुदायिक रसोई की व्यवस्था भी की गई है। जिले के अन्य प्रमुख नदियों सकरी तथा जिरायन नदी में भी पानी आने से लोग आशंकित नजर आ रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

वहीं, रोहतास जिले में सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। हमारे संवाददाता चंदन कुमार ने बताया है कि जलस्तर बढ़ने से इंद्रपुरी बराज के पैंतीस गेटों को खोल दिया गया है।

———बाईट———

झारखंड की कोयल नदी व छतीसगढ़ की कनहर नदी से भारी मात्रा में पानी पहुंचने से सोन की जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। सोन तटीय इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। सूचना पर तिलौथू, रोहतास व नौहट्टा आदि क्षेत्रों के सोनतटीय इलाकों के लोगों को अलर्ट किया गया है। वहीं सोन डीला से किसानों व चरवाहों को दूर रहने का निर्देश दिया गया है। नौहट्टा व रोहतास प्रखंड में तेज बहाव के कारण कटाव हो रहा है। इससे किसान चिंतित हैं। वहीं पानी बढ़ने से इंद्रपुरी बराज पर बढ़ते दवाब को नियंत्रित रखने के लिए बराज के 69 गेटों में से 35 को खोला गया है।

इधर, सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के बाद जिले के नौहट्टा के सोनडीला पर फंसे पचास से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। दूसरी तरफ, झारखंड के घोड़ा घाट वियर का फॉलिंग शटर टूटने से फल्गु नदी भी उफान पर है। इसके चलते जहानाबाद जिले के मोदनगंज और घोसी अंचल क्षेत्र में नदी का जलस्तर बढ़ गया है। पानी के तेज बहाव से पटना–नालंदा मुख्य मार्ग पर पिताम्बरपुर बरछी बिगहा गांव के पास सड़क टूटने से आवागमन बाधित हो गया है।

---

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले के कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार के मंसाही में सबसे अधिक पंचानवें मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं, पूर्णियां के बनमनखी में एकसठ दशमलव दो, भभुआ के अधवारा में अंठावन दशमलव आठ, औरंगाबाद के कुटुम्बा में सैंतालीस दशमलव छह और बांका में तैंतालीस मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

---

वैशाली जिले में हाजीपुर के औद्योगिक थाना क्षेत्र में हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से नौ कांवरियों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं। हाजीपुर के सब डिविजनल मजिस्ट्रेट रामबाबू ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि घटना देर रात करीब ग्यारह बजे की है जब श्रद्धालुओं का एक समूह पवित्र सावन महीने की तीसरी सोमवारी के लिए सोनपुर के बाबा हरिहर नाथ मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहा था।

---

केन्द्र सरकार ने पेरिस ओलिंपिक पर स्मारक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में डाक विभाग ने कहा कि स्मारक डाक टिकटों का सेट आज दिन के बारह बजे जारी किया जाएगा। केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा युवा कार्य और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। संचार मंत्रालय ने बताया कि ओलिंपिक पर स्मारक डाक टिकट जारी किया जाना खेल और खिलाडियों के प्रति भारत के उत्साह और समर्थन का प्रतीक है। सरकार ने कहा कि यह पहल न केवल ओलिंपिक खेलों का जश्न है बल्कि यह देश के युवा खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को भी प्रोत्साहित करेगा।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बजट में ऐसे कई वित्तीय प्रावधान किए गए हैं, जिससे बिहार के विकास को गति मिलेगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बाढ से राहत के लिए ग्यारह हजार पांच सौ करोड़ रूपये आंवटित किए गए हैं। यह आंवटन प्रत्येक वर्ष उत्तर बिहार में बाढ़ से होने वाली क्षति के लिए सहायक होगा। श्री राय ने कहा कि केन्द्र ने बिहार के लिए पंद्रह हजार करोड़ रूपये तक की ब्याज मुक्त ऋण की मंजूरी भी दी है।

---

नेपाल के प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली ने भारत के साथ यातायात सपंर्क बढ़ाने के लिए नेपाल के जलमार्ग और रेलवे को विकसित करने के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों के साथ बैठक में श्री ओली ने सिविल सेवकों को भारतीय सीमा के पास हनुमाननगर से त्रिवेणी और देवघाट तक स्टीमर सेवा के संचालन के लिए एक योजना का मसौदा तैयार करने का निर्देश दिया है। श्री ओली ने नेपाल में एक पूर्व–पश्चिम रेलवे लाइन के विकास का भी प्रस्ताव रखा। इस रेल लाइन से नेपाल के रास्ते

गुवाहाटी से दिल्ली और सिलीगुड़ी से हरिद्वार तक यात्रा करने वाले भारतीय नागरिकों को भी फायदा होगा।

———————————————

आज सावन की तीसरी सोमवारी है। विभिन्न जिलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि शिव मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवरियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———म्यूजिक———

इधर, मंदिरों और उसके आस—पास श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। कई जिलों में मंदिरों के आस—पास मुख्य सड़कों पर भारी वाहनों का परिचालन रोक दिया गया है।

———————————————

और, अब खबरे पेरिस ओलंपिक से——

———रिपोर्ट———

———————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति इंटर में नामांकन के लिए तीसरी सूची आज जारी करेगी। ओएफएसएस पोर्टल के माध्यम से अपलोड इस सूची के आधार पर नामांकन आठ अगस्त तक किया जाएगा। इंटर स्तरीय विद्यालय नौ अगस्त को नामांकन की सूची अपलोड करेंगे। बोर्ड ने कहा है कि जिन विद्यार्थियों का नाम तीसरी सूची में नहीं होगा, उन्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है।

———————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब बिहार से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी टीम की जीत को प्रमुखता देते हुए लिखा है – भारत ने दस के दम पर अंग्रेजों को हॉकी में हराया।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है – हाजीपुर में ट्रॉली में आया करंट, आठ कांवरियों की मौत।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– रघुवर दास को हराने वाले सरयू राय जदयू में शामिल।

**प्रभात खबर** ने लिखा है – शहरों में सात और गांव में पंद्रह दिन में देना होगा बिजली कनेक्शन। विनियामक आयोग ने सप्लाई कोड नियम में संशोधन की प्रक्रिया की शुरू।

**राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है – वक्फ की पावर घटायेगी सरकार। कैबिनेट ने दी चालीस संशोधनों को मंजूरी।

**आज अखबार** लिखता है– बांग्लादेश में फिर हिंसा इक्यानवे की मौत। केन्द्र ने भारतीयों को किया अलर्ट।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. झारखंड, छत्तीसगढ और प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश के कारण कोसी, गंडक, बागमती और सोन नदियों में उफान। नालंदा में लोकाईन नदी का तटबंध टूटने से कई गांवों में बाढ़ का पानी फैला।

02. वैशाली जिले के हाजीपुर औद्योगिक थाना क्षेत्र में हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से नौ कांवरियों की मौत। दो अन्य गंभीर रूप से झुलसे।

03. केन्द्र सरकार ने पेरिस ओलिंपिक पर स्मारक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की।

04. और, आज सावन की तीसरी सोमवारी है। प्रदेश के विभिन्न शिव मंदिरों में सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों की उमड़ रही है भीड़।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।